7217(6)
12/10/2026

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 09/10/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, छपरा के अन्तर्गत Widening and Strengthening work of NH-19 Leftout Portion of Chapra Section (Length-13.40 Km.) for the year 2024-25 कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री आशुतोष कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–09.09.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–1799 दिनांक–09.06.2026 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय पर विभागीय ज्ञापांक–4379(ई०) दिनांक–01.07.2026 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2009(अनु०) दिनांक–03.07.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम	:	Widening and Strengthening work of NH-19 Leftout Portion of Chapra Section (Length-13.40 Km.) for the year 2024-25
2.2	योजना मद	:	5054
2.3	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमंडल, छपरा।
2.4	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹8995.35 लाख। विभागीय ज्ञापांक–361(एस०) दिनांक–16.01.2025
2.5	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹8289.38 लाख। मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1419 दिनांक–08.05.2026
2.6	परिमाण विपत्र की राशि	:	₹7684.28069 लाख।
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:	18 (Eighteen) Months.
2.8	निविदा की प्रक्रिया	:	ई–टेंडरिंग (SBD)
2.9	निविदा प्राप्ति की तिथि	:	21.05.2026

2.10	प्राप्त निविदा की संख्या	:	06 (छः) अदद यथा :–
	(i) M/s Baijnath Nirman India Private Limited		(ii) M/s J.K. Engicon Private Limited
	(iii) Rai Raj Construction Pvt. Ltd.		(iv) Kawaljeet Singh Contractor
	(v) M/s RK Jain Infra Projects Private Limited		(vi) BPC Infraprojects Private Limited
2.11	विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग एवं विभागीय निविदा समिति द्वारा प्राप्त परिवाद के निष्पादन का प्रसंग	:	प्र0–7 / निविदा–03–42 / 2025 उपभागीय ज्ञापांक–1799 दिनांक–09.06.2026 विभागीय ज्ञापांक–4379(ई०) दिनांक–01.07.2026
2.12	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण	:	पुनर्निविदा है। विभागीय निविदा समिति का ज्ञापांक–2694(ई०) दिनांक–21.04.2026 के द्वारा निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश दिया गया।
2.13	परिवाद की स्थिति	:	परिवाद प्राप्त है। दिनांक–30.06.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय ज्ञापांक–4379(ई०) दिनांक–01.07.2026 द्वारा परिवाद का निस्तारण किया जा चुका है।

3. <u>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का अनुशंसा (पत्रांक–2009(अनु०) दिनांक–03.07.2026)</u>:–

अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर का पत्रांक–1038(अनु०) दिनांक–02.07.2026 द्वारा विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा का वित्तीय बीड प्राप्त हुआ है। दिनांक–30.06.2026 को सम्पन्न विभागीय परिवाद समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों की निविदित राशि निम्नवत् है:–

क्र० सं०	निविदाकार का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (Rs.)	उद्धृत दर (%)	उद्धृत दर पर राशि (Rs.)	बीड रैंक
1.	**Rai Raj Construction Pvt. Ltd.**	**₹76,84,28,069.00 (छिहत्तर करोड़ चौरासी लाख अट्ठाईस हजार उनहत्तर रुपये**	**परिमाण विपत्र की राशि से 25.11% (पच्चीस दशमलव एक एक) प्रतिशत कम दर पर।**	**₹57,54,75,780.87 (सन्तावन करोड़ चौवन लाख पचहत्तर हजार सात सौ अस्सी रुपये सत्तासी पैसे)**	**L-1**
2.	M/s Baijnath Nirman India Private Limited		परिमाण विपत्र की राशि से 20.38% (बीस दशमलव तीन आठ) प्रतिशत कम दर पर।	₹61,18,60,849.94 (इकसठ करोड़ अठारह लाख साठ हजार आठ सौ उनचास रुपये चौरानवे पैसे)	L-2
3.	Kawaljeet Singh Contractor		परिमाण विपत्र की राशि से 12.30% (बारह दशमलव तीन शून्य) प्रतिशत कम दर पर।	₹67,39,11,416.51 (सड़सठ करोड़ उनचालीस लाख ग्यारह हजार चार सौ सोलह रुपये इक्यावन पैसे)	L-3
4.	M/s RK Jain Infra Projects Private Limited		परिमाण विपत्र की राशि से 6.60% (छः दशमलव छः शून्य) प्रतिशत कम दर पर।	₹71,77,11,816.45 (इकहत्तर करोड़ सतहत्तर लाख ग्यारह हजार आठ सौ सोलह रुपये पैंतालीस पैसे)	L-4
5.	BPC Infraprojects Private Limited		परिमाण विपत्र की राशि से 1.00% (एक दशमलव शून्य) प्रतिशत कम दर पर।	₹76,07,43,788.31 (छिहत्तर करोड़ सात लाख तैंतालीस हजार सात सौ अट्ठासी रुपये इकतीस पैसे)	L-5
6.	M/s J.K. Engicon Private Limited		परिमाण विपत्र की राशि से 5.56% (पाँच दशमलव पाँच छः) प्रतिशत अधिक दर पर।	₹81,19,21,097.71 (इक्यासी करोड़ उन्नीस लाख इक्कीस हजार सन्तानवे रुपये इकहत्तर पैसे)	L-6

इस प्रकार वित्तीय बीड में सफल प्रथम न्यूनतम निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. है, जिनका निविदित दर परिमाण विपत्र की राशि से 25.11% कम है, जिस पर निविदा की राशि ₹57,54,75,780.00 (सन्तावन करोड़ चौवन लाख पचहत्तर हजार सात सौ अस्सी रुपये) मात्र होती है। अतः न्यूनतम निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के पक्ष में ₹57,54,75,780.00 (सन्तावन करोड़ चौवन लाख पचहत्तर हजार सात सौ अस्सी रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

4. विभागीय पत्रांक–4557(ई०) दिनांक–08.07.2026 द्वारा Unbalanced Bid Price जो परिमाण विपत्र की राशि से 25.11% कम है, के कारण Price Justification न्यूनतम निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. (L-1) से प्राप्त करने के साथ Price Justification पर अपना स्पष्ट मंतव्य प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया।

उक्त विभागीय निदेश के क्रम में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2355(अनु०) दिनांक–03.08.2026 के माध्यम से अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर का पत्रांक–1143(अनु०) दिनांक–20.07.2026 से प्राप्त विषयांकित निविदा में सफल न्यूनतम निविदकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. (L-1) द्वारा उद्धृत Unbalanced Bid Price के संबंध में मदवार Justification मंतव्य सहित अनुशंसा के साथ उपलब्ध कराया गया है। उनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "निविदाकार द्वारा उनके पत्रांक–RRC/26-27/159 दिनांक–15.07.2026 के माध्यम से Carriage एवं Overhead Charge से संबंधित प्रतिवेदित तथ्य Bill of Quantities से unrealistically priced low प्रतीत होता है। "सैद्धांतिक रूप से संवेदक को बचत के लिए प्राक्कलन में केवल CP की राशि का प्रावधान रहता है। बिना Profit के संवेदक कभी–कभी Credential बनाने के लिए कार्य करते है।"

प्रथम न्यूनतम निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा साइट ऑफिस/प्लांट क्षेत्र कार्यस्थल की परिधि में होने, थोक खरीद कर बचत करने, संयंत्रों की पूर्व से उपलब्धता होने, प्रावधानित लाभांश को छोड़ने के आधार पर दरों के विश्लेषण के माध्यम से 25.96% की बचत दर्शाई गई है।

5. **दर विश्लेषण समिति की अनुशंसाः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2009(अनु०) दिनांक–03.07.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–4557(ई०) दिनांक–08.07.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–2355(अनु०) दिनांक–03.08.2026 एवं प्रथम न्यूनतम निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा Price Justification प्रतिवेदन में अंकित तथ्यों के समीक्षोपरान्त् एवं सम्यक् विचारोपरान्त् समिति द्वारा पथ प्रमंडल, छपरा के अन्तर्गत Widening and Strengthening work of NH-19 Leftout Portion of Chapra Section (Length-13.40 Km.) for the year 2024-25 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. (L-1) के पक्ष में उनके उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि से 25.11% (पच्चीस दशमलव एक एक प्रतिशत) कम यानि ₹57,54,75,780.00 (सन्तावन करोड़ चौवन लाख पचहत्तर हजार सात सौ अस्सी रुपये) मात्र, पर निविदा के निष्पादन की अनुशंसा की जाती है।

6. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

6.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2009(अनु०) दिनांक–03.07.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं दर विश्लेषण समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा पथ प्रमंडल, छपरा के अन्तर्गत **Widening and Strengthening work of NH-19 Leftout Portion of Chapra Section (Length-13.40 Km.) for the year 2024-25** कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार **Rai Raj Construction Pvt. Ltd.** के पक्ष में उनके उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि से **25.11%** (पच्चीस दशमलव एक एक प्रतिशत) कम यानि् ₹57,54,75,780.00 (सन्तावन करोड़ चौवन लाख पचहत्तर हजार सात सौ अस्सी रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

6.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

6.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

6.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त **Performance Security** प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

6.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

6.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

6.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc website** पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

09/X/26

(मजीद अहमद)
आन्तरिक
वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

09.10.2026

(आशुतोष कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता,
उत्तर,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

9/X/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–40/2026 7217 (E) पटना, दिनांक 12/10/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

09/X/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।